कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 30/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में "इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे" मनाया गया

शा.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्ना.महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा 30 नवंबर 2024 को इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे मनाया गया, इस अवसर पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, गेस्ट लेक्चर श्री दीपक दास मानिकपुरी, विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू, कु. प्रीति गुप्ता एवं पी.जी.डी.सी.ए, बी.एस.सी (सी.एस) के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष श्री जी. आर. नायक ने अन्तराष्ट्रीय कंप्यूटर सुरक्षा दिवस के इतिहास के बारे मे बताते हुए विद्यार्थियों को मोबाइल डिवाइस में स्ट्रोंग पासवर्ड रखने ऑपरेटिंग सिस्टम एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को रेगुलर अपडेट करने एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को ट्रस्टेड सोर्स से डाउनलोड करने एवं रिक्वायर्ड परमिशन देने से सम्बंधित बातौं को बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑनलाइन फ्रोड एवं ए.आई. के द्वारा होने वाले फ्रोड के बारे में बताया एवं बचने कि सलाह दिया।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में गेस्ट लेक्चरर श्री दीपक दास मानिकपुरी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया और उन्होंने ऑनलाइन, ऑफलाइन फ्रोड के साथ–साथ वायरस, एंटी वायरस एवं सिक्योरिटी टर्मिनोलॉजी के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.11.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## एनीमिया जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के रेडक्रॉस के तत्वाधान से एनीमिया जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पिछले दिनों कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कॉलेज भ्रमण के दौरान छात्राओं की रक्तअल्पतता को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई थी। उनके दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में जिला चिकित्सालय दुर्ग के विषय विशेषज्ञ डॉ0 रश्मि भोंसले द्वारा छात्राओं में बढ़ती रक्तअल्पतता एवं सुश्री गीतिका पवार ने सिकेल सेल एनीमिया का विश्लेषण कर इसके निदान एवं बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने जिला प्रशासन को साधुवाद दिया कि छात्राओं की सेहत के प्रति शासन संवेदनशील है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने उन कारणों पर प्रकाश डाला जो छात्राओं में रक्तअल्पतता के लिए जिम्मेदार है। जिला प्रोजेक्ट मैनेजर यामिनी लहरे ने शासन द्वारा युवाओं के लिए तैयार की गई विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्राओं ने भी अपनी समस्याओं का विषय–विशेषज्ञों के साथ रखकर उनका निदान किया। कार्यशाला की समाप्ति पर एन0 एस0 एस0 प्रभारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में "हुनर" कार्यक्रम के तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक कलाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग–शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के ''हुनर '' कार्यक्रम के तत्वावधान में विशिष्ट तीन भारतीय पारंपरिक कलाओं – तंजोर ,पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विषय विशेषज्ञ श्रीमती दिव्या हुड्डर के कुशल मार्गदर्शन में इन कलाओं की बारीकियाँ समझाई और सिखाई गई। प्राचार्य डॉ.डी.सी.अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल धरोहर की जानकारी देना अवशायक है ।

प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार ये तीनों कलाएँ अत्यंत सुंदर होने के साथ मूल्यवान भी है । हमारे देश ही नहीं विदेशों में भी इन्हें सराहा जाता है और इनकी बहुत माँग है । छात्राएँ इसमें अपना रोजगार बना सकती है ।

डॉ.तोशीना तैलंग ने राजस्थान और गुजरात की लिप्पन कला की जानकारी दी। डॉ.पूजा सोनकर ने बताया कि तंजोर एक दक्षिण भारतीय प्राचीन कला है जिसका नाम इसके उत्पत्ति शहर से रखा गया है, डॉ अनामिका वस्त्रकार ने राजस्थान की पिछवाई कला का परिचय दिया। छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियाँ की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सफल आयोजन सुश्री तबस्सुम अली द्वारा किया गया ।

डॉ.डी.सी.अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दुर्ग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# तीन दिवसीय कार्यशाला




